Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# भगवंत मान सरकार का ई-रिक्शा मॉडल बना नशा विरोधी अभियान की नई ताकत, 3,440 गांवों तक पहुंचा 'युद्ध नशों विरुद्ध'




चंडीगढ़, 5 जून 2026:पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान के महत्वाकांक्षी अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' को गांव-गांव तक पहुंचाने में विशेष रूप से तैनात ई-रिक्शे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्य सरकार की इस अनूठी पहल के तहत अब तक 3,440 गांवों तक पहुंच बन चुकी है, जो पंजाब के कुल गांवों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। इससे नशा विरोधी जनजागरण अभियान को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिली है।

राज्य के 23 जिलों में से प्रत्येक जिले के एक विधानसभा क्षेत्र को इस पायलट परियोजना के लिए चुना गया है। इन 23 विधानसभा क्षेत्रों में संचालित ई-रिक्शे औसतन 40-40 गांवों को कवर कर रहे हैं। इन मोबाइल जागरूकता इकाइयों का उद्देश्य न केवल लोगों को नशों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है, बल्कि नशा तस्करों और नशा मुक्ति उपचार की आवश्यकता वाले व्यक्तियों से संबंधित गोपनीय जानकारी भी एकत्र करना है।

ई-रिक्शे दूर-दराज के गांवों में पहुंचकर लोगों को नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। साथ ही, नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों को पुनर्वास और उपचार सेवाओं से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्रों में नशा विरोधी संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने में अहम योगदान दिया है।

सरकार द्वारा गांव स्तर पर गठित विलेज डिफेंस कमेटियां (वीडीसी) भी इस अभियान की निगरानी और फीडबैक प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के अनुसार ई-रिक्शा अभियान के बाद ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ी है, जागरूकता कार्यक्रमों में लोगों की उपस्थिति अधिक हुई है तथा नशे से जुड़े मुद्दों पर स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद बेहतर हुआ है।

अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए जून माह में चरणबद्ध बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पहले सप्ताह में विधानसभा स्तर, दूसरे सप्ताह में ब्लॉक और वीडीसी स्तर, तीसरे सप्ताह में मंत्रियों व प्रशासनिक अधिकारियों तथा अंतिम सप्ताह में मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वयं अभियान की समीक्षा करेंगे। इन बैठकों में प्राप्त शिकायतों, उन पर हुई कार्रवाई और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा अभियान मान सरकार की नशा विरोधी नीति का एक प्रभावी और नवाचारी कदम है।

## लोक मिलनी में डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश



गढ़शंकर, 5 जून:पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने गांव पदराना स्थित शेर-ए-पंजाब मैरिज पैलेस में आयोजित विशेष लोक मिलनी के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी शिकायतें, मांगें और विकास संबंधी मुद्दे उठाए।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घरों के नजदीक ही करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए।

## 'रंगला पंजाब विकास स्कीम' में तेजी, 10 जून तक काम शुरू और 31 जुलाई तक पूरा करने के सख्त निर्देश



चंडीगढ़, 5 जून 2026:पंजाब सरकार ने 'रंगला पंजाब विकास स्कीम' के तहत विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सख्त समय-सीमा और जवाबदेही तय कर दी है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि दूसरे चरण के तहत स्वीकृत विकास कार्य 10 जून तक शुरू किए जाएं और हर हाल में 31 जुलाई तक पूरे किए जाएं।

पंजाब भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में चीमा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि तीसरे चरण के प्रस्ताव अगले दो दिनों के भीतर जमा किए जाएं। निर्धारित समय में प्रस्ताव न भेजने वाले क्षेत्रों की विकास फंडिंग रोक दी जाएगी और देरी के लिए जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए कार्यों की योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि मौसम के कारण विकास परियोजनाओं में कोई बाधा न आए।

# मॉनसून से पहले सड़क परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश, हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब भर के विकास कार्यों की समीक्षा की

चंडीगढ़, 5 जून:पंजाब में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने अधिकारियों को मॉनसून सीजन शुरू होने से पहले सभी सड़क परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश के सड़क नेटवर्क को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है और इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एस.ए.एस. नगर (मोहाली) स्थित पी.आर.बी.डी.बी. कार्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने पंजाब भर में चल रहे सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में राज्य मार्गों और लिंक सड़कों से संबंधित परियोजनाओं की हलका और मंडल स्तर पर प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंजाब में लगभग 45,000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर संपर्क,



सुरक्षित यातायात और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि कोई भी कार्य निर्धारित समय से पीछे न रहे।

लोक निर्माण मंत्री ने इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह को विशेष रूप से निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना की रोजाना आधार पर समीक्षा की जाए और उसकी प्रगति को दर्ज करने के लिए मॉनिटरिंग शीट तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि दैनिक निगरानी से कार्यों की वास्तविक स्थिति पर नजर रखने और संभावित बाधाओं को समय रहते दूर करने में मदद मिलेगी।

बैठक के दौरान मंत्री ने निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लुक (रोड निर्माण सामग्री) सहित सभी आवश्यक निर्माण सामग्री का पर्याप्त भंडारण पहले से सुनिश्चित किया जाए, ताकि मॉनसून या अन्य कारणों से कार्य प्रभावित न हों और निर्माण प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे।

गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए हरभजन सिंह ईटीओ ने स्पष्ट किया कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण कार्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के धन का सही उपयोग सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है और सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए सभी स्तरों पर नियमित निरीक्षण, तकनीकी जांच और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक सड़क परियोजना पर आवश्यक साइन बोर्ड, लेन मार्किंग और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए।

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण, पारदर्शी और त्रुटिरहित प्रक्रिया पर जोर



चंडीगढ़, 5 जून:भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के चुनाव एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मॉड्यूलों और सॉफ्टवेयर प्रणालियों से परिचित कराना तथा उनकी कार्यक्षमता को और मजबूत बनाना था।

चंडीगढ़ में आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान अपनाई जाने वाली डिजिटल प्रक्रियाओं, तकनीकी उपकरणों और ऑनलाइन अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यप्रणाली की एकरूपता सुनिश्चित करना, तकनीकी तैयारियों को सुदृढ़ बनाना और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को यह समझाया गया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करके मतदाता सूची में नामों के सत्यापन, संशोधन, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को कैसे अधिक सरल और विश्वसनीय बनाया जा सकता है। साथ ही डेटा प्रबंधन, ऑनलाइन निगरानी, रिपोर्टिंग और नागरिक सेवाओं से जुड़े विभिन्न आईटी मॉड्यूलों का भी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला होती है और उसका पूर्णतः सही, समावेशी तथा अद्यतन होना आवश्यक है।



## खाद्य सुरक्षा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर जोर, पोषण उद्यानों और स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई व्यापक समीक्षा

चंडीगढ़, 5 जून:पंजाब में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंजाब राज्य खाद्य आयोग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोग के चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं, विशेषकर स्कूलों में स्थापित पोषण उद्यानों, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा जन-जागरूकता अभियानों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

बैठक के दौरान सरकारी स्कूलों में विकसित किए जा रहे पोषण उद्यानों की स्थिति और उनके वास्तविक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन ने कहा कि इन उद्यानों का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं है, बल्कि बच्चों को पौष्टिक आहार, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि के महत्व से परिचित कराना भी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण उद्यानों को स्कूल गतिविधियों और शिक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए ताकि विद्यार्थी स्वयं फल-सब्जियों के उत्पादन और उनके पोषण संबंधी महत्व को समझ सकें।



# अमृतसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अफगान नागरिक समेत 6 गिरफ्तार, हथियार-नशा और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़

चंडीगढ़/अमृतसर, 5 जून:पंजाब को अपराध और नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार संचालित हथियार, नशा और हवाला नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एक अफगान नागरिक और दो नाबालिगों सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1.035 किलोग्राम हेरोइन, पांच अत्याधुनिक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और 5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की उर्फ विक्की, अमृतसर निवासी राजनदीप सिंह उर्फ राजा तथा दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार बाज़ मोहम्मद, अंकुश बर्थवाल और देश राज पहले से आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं और आदतन अपराधी हैं।

बरामद हथियारों में तीन ऑस्ट्रियाई निर्मित 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल, एक .30 बोर जिगाना पिस्तौल, एक अन्य .30 बोर पिस्तौल तथा दो और 5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अंकुश बर्थवाल हाल ही में युगांडा से भारत लौटा था। वहीं उसकी मुलाकात बाज़ मोहम्मद से हुई थी, जिसके बाद दोनों ने मिलकर हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क खड़ा किया। बाद में उनके एक अन्य साथी राजनदीप सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया।




है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह विदेशी हैंडलरों के संपर्क में था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से अवैध हथियारों तथा नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त कर पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करता था। जांच के अनुसार यह नेटवर्क विशेष रूप से माझा और दोआबा क्षेत्रों में सक्रिय था।

गिरफ्तार आरोपियों में अफगानिस्तान का नागरिक बाज़ मोहम्मद, नवांशहर निवासी अंकुश बर्थवाल, जालंधर निवासी देश राज जिंदा कारतूस शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इन हथियारों का इस्तेमाल संगठित अपराध और नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क में किया जाना था।

अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि कार्रवाई की शुरुआत दो नाबालिगों की गिरफ्तारी से हुई थी, जिनके पास से एक ग्लॉक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 500 ग्राम हेरोइन और एक अन्य पिस्तौल बरामद की। जांच आगे बढ़ने पर बाज़ मोहम्मद, अंकुश बर्थवाल और देश राज को गिरफ्तार किया गया, जिनसे तीन पिस्तौल, 535 ग्राम हेरोइन

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और विदेशी संपर्कों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। पुलिस मामले की आगे और पीछे की कड़ियों को खंगाल रही है ताकि पूरे तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके।

इस संबंध में अमृतसर के छावनी थाने में आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पंजाब में नशा और अवैध हथियारों के नेटवर्क के खिलाफ अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' बनी राहत का सहारा, 3000 से अधिक श्वास रोगियों को मिला कैशलेस इलाज



चंडीगढ़, 5 जून:पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत श्वास संबंधी बीमारियों से पीड़ित 3,000 से अधिक मरीजों को अब तक कैशलेस इलाज का लाभ मिल चुका है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि निमोनिया, दमा, सीओपीडी और सांस लेने में कठिनाई जैसी बीमारियों के 3,019 उपचार किए गए हैं, जिन पर करीब 86 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत पिछले पांच महीनों में लगभग 46 लाख लोग स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम से जुड़े हैं। प्रति परिवार प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने वाली यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि श्वास संबंधी बीमारियों में समय पर उपचार बेहद जरूरी है। पहले कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण इलाज में देरी कर देते थे, जिससे बीमारी गंभीर हो जाती थी। अब मरीज बिना धन की चिंता किए समय पर उपचार प्राप्त कर रहे हैं।माता कौशल्या सरकारी अस्पताल, पटियाला के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जोरावर सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण, धुंध और बदलते मौसम के कारण श्वास संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

# पंजाब की बेटियों ने बढ़ाया मान, एयर फोर्स अकादमी और एनडीए मेरिट सूची में शानदार सफलता पर अमन अरोड़ा ने किया सम्मानित

चंडीगढ़, 5 जून:पंजाब की बेटियों ने एक बार फिर देशभर में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवाया है। एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एएफसीएटी) और नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) की मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की दो महिला कैडेटों को पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप भी उपस्थित रहे।

यह अभियान डिजिटल, सोशल मीडिया, प्रिंट और आउटडोर प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ लॉन्च किया गया है। वोग आईवियर का नया कलेक्शन देशभर के प्रमुख स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। इसकी कीमत ₹3,000 से ₹10,000 के बीच रखी गई है, जिससे यह विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिए सुलभ बन सके।

सम्मानित होने वाली कैडेटों में किसान परिवार से संबंध रखने वाली महकप्रीत कौर ने एयर फोर्स अकादमी की मेरिट सूची में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर पंजाब का गौरव बढ़ाया है। वहीं कोमलप्रीत कौर ने एनडीए परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 18वां स्थान प्राप्त कर खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक मानी जा रही है।

पंजाब भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि लाखों उम्मीदवारों के बीच इतनी ऊंची रैंक हासिल करना इन बेटियों की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंजाब की बेटियां आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और रक्षा सेवाओं में उनकी बढ़ती मौजूदगी राज्य के लिए गर्व की बात है।

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022 से अब तक महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट और माई भागो प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के 377 कैडेट भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने वर्ष 2023 में माई भागो एएफपीआई में लड़कियों के लिए विशेष एनडीए प्रिपरेटरी विंग शुरू कर एक ऐतिहासिक पहल की थी। पंजाब देश का एकमात्र राज्य है जहां सरकार लड़कियों के लिए समर्पित डिफेंस प्रिपरेटरी संस्थान संचालित कर रही है।




Advertisement



**From Foundation to Finish – We Build Everything!**

We specialize in high-quality construction services for: Residential Homes, Commercial Buildings Kothi & Luxury Villas, Showrooms & Shops, Flats & Apartments

**WE PROMISE YOU FOR A BETTER FUTURE!**

**N M CONSTRUCTION**
*Excellence in every structure*

#219 GF Maa Shimla Complex, Landran Road, Kharar, SAS Nagar, 140301, Punjab
Email: nmconstruction5151@gmail.com | Phone: +91-6009610096, 9872766841

herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.